## सार-समाचार

### जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**राजसमन्द**, (निसं)। सरदार वल्लभ भाई पटेल व बिरसा मुंडा जैसे महान विभूतियों का देश मे महत्वपूर्ण योगदान है एक तरफ बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के साथ अन्य समाजों को मिलाकर के अंग्रेजों के खिलाफ बहुत से आंदोलन किये जिससे देश की आजादी की राह आसान हुई तो दूसरी तरफ सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति ने देश मे विभिन्न रियासतों को मिलाकर के भारत की एकजुटता की मिसाल कायम की है और आज हम दोनों विभूतियों की 150 वी जयंती मना रहे है जिसमे सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वी जयंती पर जिले भर में यूनिटी मार्च निकाला गया ओर जैसा कि जिला अध्यक्ष जी ने बताया 11 नवम्बर को भी नाथद्वारा में यूनिटी मार्च निकाला जाएगा इसी प्रकार बिरसा मुंडा की जयंती पर भी आदिवासी समुदाय के बीच डूंगरपुर जिले में 15 नवम्बर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होना तय है जिसमे आप सभी की सहभागिता भी होगी लेकिन मुख्य बात यह है कि हम इन महान विभूतियों की जयंती पर कार्यक्रम इस लिए करते है कि आज की युवा पीढ़ी को यह याद रहे कि भारत किन परिस्थितियों से गुजर कर आज मोदी युग में है हम सभी को उन परिस्थितियों को हमेशा याद रखना चाहिए और उसी अनुसार हमे कार्य करना चाहिए। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि यह बात भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यसमिति में मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने पदाधिकारियों से कही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि राजसमन्द जिले की पहली कार्यसमिति की बैठक आयोजित हो रही है जिसमे कहना चाहूंगा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जो भी कार्यक्रम दिए जाते है उन कार्यक्रमों में राजसमन्द जिला इन पदाधिकारियों की वजह से अठाणी स्थान पर रहा है ओर वर्तमान में अभी सरदार वल्लभभाई पटेल बिरसा मुंडा व वंदेमातरम की 150 वी जयंती भाजपा मना रहे है इन के साथ ही कार्यक्रम में भी भाजपा द्वारा सहयोग किया जा रहा है जिसमे सरदार पटेल की 150 वी जयंती पर जिले के विभिन्न मंडलो पर कार्यक्रम आयोजित हुए है और आगामी 11 नवम्बर को नाथद्वारा में यूनिटी मार्च प्रस्तावित है बिरसा मुंडा जयंती पर भी 15 नवम्बर को डूंगरपुर में आयोजित कार्यक्रम में यहां के पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया जाएगा इसके साथ ही प्रत्येक मंडल पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### गेहूं की बुवाई करते किसान की मौत

**कानोड़,** (निसं)। निकटवर्ती बड़ा राजपुरा गांव मैं गेहूं की बुवाई करते एक युवा किसान की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा राजपुरा निवासी किसान हिम्मत लाल कुलमी पुत्र अर्जुन लाल कुलमी (40) जो शुक्रवार को अपने खेत पर गेहूं की बुवाई कर रहा था , जहां अचानक तबियत बिगडी और उल्टियां होने लगी, जिस पर खेत पर मौजूद छोटा भाई पवन पाटीदार व भेरू लाल कुलमी नजदीकी चिकित्सालय कानोड़ लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिजनों की सहमति के साथ भींडर चिकित्सालय रेफर किया ,जहां से भी ज्यादा तबियत बिगड़ने के कारण चिकित्सकों ने उदयपुर रेफर किया, एमबी चिकित्सालय उदयपुर में शनिवार को हिम्मतलाल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले को लेकर पिता अर्जुन लाल कुलमी ने कानोड़ थाने पर रिपोर्ट दी और कानूनी कार्रवाई के साथ अपने बेटे का पोस्टमार्टम करवाने के साथ ही शव सुपुर्द करवाने की रिपोर्ट दी। जहां कानोड़ पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए हेड कांस्टेबल लक्ष्मण लाल मीणा को उदयपुर चिकित्सालय भेजा गया जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक का गमगीन माहौल में दाह संस्कार किया गया।

### कारण बताओ नोटिस जारी

**उदयपुर**,(कासं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र उदयपुर शहर 153 के ईआरओ एडीएम सिटी उदयपुर एवं एईआरओ 153 उदयपुर ने सभी भागों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भाग संख्या 05, 44, 115, 153 में नियुक्त बीएलओ लक्ष्मण मीणा, योगेश कुमार, मनोहर सिंह एवं मोहम्मद ईलियास के विभाग द्वारा निर्धारित 2002 के मतदाताओं की मैपिंग एवं वर्तमान में परिगणना प्रपत्र के वितरण में कमी पाई गई। इस निर्वाचक रजि. अधिकारी, एडीएम उदयपुर (शहर) जितेंद्र ओझा ने उक्त बीएलओं एवं उनके बीएलओ सुपरवाईजर मनीषा वर्मा, महेन्द्र नागदा, अन्पना व्यास को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्वाचन संबंधित अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही के संबंध में जवाब मांगा है। ओझा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अतिमहत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आने पर संबंधित कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रस्ताव जिला निर्वाचन अधिकारी को भिजवाए जाएंगे।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर**,(कासं)। युवती के खिलाफ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी गिरीश कुमार सेन पुत्र ओमप्रकाश सेन निवासी आम बन्ना मंदिर के पास दक्षिण विस्तार योजना बलीचा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से संपर्क होने पर तीन वर्ष पूर्व वह मुझे अपने साथ ले गया। जहां उसने नशीला पदार्थ पिलाया। जिसके कुछ समय बाद अचेत हो गई होश में आने पर आरोपी द्वारा मेरे साथ दुष्कर्म करने एवं वीडियों तैयार करने की जानकारी का पता चला। गत दिनों से आरोपी ने मुझसे वीडियों वायरल करने की धमकी देते तथा 5 लाख रूपये की मांग की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एसआई अर्जुनलाल को सौंपी।

### जेवरात चोरी

**उदयपुर**,(कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में सूने मकान से चोर जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित किशनसिंह पुत्र पन्नासिंह चौहान निवासी फलासिया सेरना ब्यावर हाल भुवाणा रामनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि गत दिनों मैं परिवार सहित शादी समोराह में गांव गया था। इस दौरान चौर मकान का ताला तोड़ कर सोने के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। 4 नवंबर को गांव से लौटने पर मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।

# प्रभारी मंत्री ने किया आर्चरी चैंपियनशिप का शुभारंभ

- खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें तराश कर आगे बढ़ाने के अवसर मुहैया कराने की है : प्रभारी मंत्री खराड़ी
- लक्ष्मण मैदान पर धरती पुत्र वीर धनुर्धर कप-2025 का आयोजन हुआ

**डूंगरपुर,** (निसं)। लक्ष्मण मैदान पर रविवार सुबह धरती पुत्र वीर धनुर्धर कप-2025 आर्चरी चैंपियनशिप का शुभारंभ प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक हुआ। समारोह में पूर्व केबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, सागवाडा विधायक शंकरलाल डेचा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, सभापति अमृत कलासुआ, बंशीलाल कटारा, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह तथा एसपी मनीष कुमार बतौर अतिथि मंचासीन रहे। प्रारंभ में आयोजक प्रमुख समाजसेवी महेंद्र सिंह चौहान ने अतिथियों को पगडी पहनाकर, बूके भेंटकर एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। अतिथियों ने जिले के तीरंदाज जयंतीलाल डामोर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

समारोह को संबोधित करते प्रभारी मंत्री खराड़ी ने कहा कि खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें तराश कर आगे बढ़ाने के अवसर मुहैया कराने की है। आयोजक महेंद्र सिंह चौहान ने जनजाति बहुल डूंगरपुर जिले में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का काम किया है, साथ ही यहां की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देकर बेहतर प्लेटफार्म दिया है। उन्होंने कहा कि यह सोच और विजन ही खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में समरसता स्थापित करने का कार्य करेगा। आर्चरी चैंपियनशिव में अंडर-14, अंडर-17 तथा सीनियर वर्ग के खिलाडियों ने हिस्सा लिया तथा तीर-कमान के साथ पूरी एकाग्रता से लक्ष्य पर निशाना साधा। आयोजक महेंद्र सिंह ने बताया कि जिलेभर से आए 135 से अधिक तीरंदाज खिलाडियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम विजेता को 10 हजार रुपए, द्वितीय को 5 हजार और तृतीय विजेता को 3 हजार रुपए का नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर बालिकाओं के समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। संचालन व्याख्याता वैभव पाठक ने किया।

समारोह में समाजसेवी प्रकाश मनात, रायसिंह अहाडा, ललित शाह, नागेंद्र सिंह लिमडी, भूपेंद्र सिंह देवला, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी अमृतलाल कलाल, पूर्व उपप्रधान हितेश रावल, भाजपा महामंत्री पंकज जैन, जयदिग्पाल सिंह, मनपाल सिंह पाडली, हर्षवर्धन सिंह भिंडा, लोकेद्र सिंह बनकोडा, रविराज सिंह घडमाला, घनश्याम सिंह वाजेडा, हरि सिंह चौहान, नाहर डूखसह, अक्षयराज सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह बियोला, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी छाया चौबीसा, कोच प्रशांत पंडवाला, महेशचंद्र गरासिया, भगवतीलाल गरासिया, हेमेंद्र माली, अनिल डामोर सहित टीम मौजूद रही। प्रतियोगिता के शुभारंभ के बाद चौरासी विधायक अनिल कटारा, आसपुर विधायक उमेश डामोर, कांतिभाई आदिवासी भी पहुंचे।

## सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

**राजसमन्द**, (निसं)। महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने और कैंसर मुक्त समाज की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सेठ बंसीलाल नंदलाल न्याति राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरज परिसर में दो दिवसीय सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित हुआ, शिविर राष्ट्रीय गैर संचारी रोग दबक कार्यक्रम के अंतर्गतेच और राजसमंद स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ।

शिविर में प्रशिक्षित एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 80 महिलाओं की सर्वाइकल स्तनइतमेंज और मुख वतंस कैंसर की जांच की गई। जांच के साथ-साथ महिलाओं को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों रोकथाम के उपाय और नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

# विधिक सेवा दिवस पर हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर तालुकाओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पीएलवी ने विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किये गये।

विधिक सेवा दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की रोशनी पहुंचाने का संकल्प है। जब तक हर नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक नहीं होगा तब तक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना अधूरी रहेगी। इस दिवस का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सहायता प्रदान करने तथा समान न्याय के अधिकार के प्रति जनजागरण फैलाना है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पीएलवी ने आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया, लोक अदालतों के लाभ, महिला एवं बाल अधिकार, पीडित प्रतिकर योजना तथा वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही विधिक साक्षरता कार्यक्रमों के अंतर्गत पर्चे, बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई। आमजन को यह संदेश दिया गया कि कोई भी व्यक्ति जो आर्थिक रूप से कमजोर है या विधिक सहायता का पात्र है वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकता है। लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल ने लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं, महिला संरक्षण कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, एवं साइबर अपराध से सुरक्षा जैसे विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100, एवं नालसा और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अंत में लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने संकल्प लिया कि वे आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर जाकर कानूनी साक्षरता एवं न्यायिक सहायता की भावना को जन-जन तक पहुंचाते रहेंगे ताकि न्याय सबके लिए का उद्देश्य पूर्ण रूप से साकार हो सके।

# 'रन फॉर डायबिटीज' से दिया मधुमेह से बचाव का संदेश

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग द्वारा संचालित मधुमेह सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत आज फतहसागर झील की पाल पर एक विशाल 'डायबिटीज वॉकाथॉन एवं रैली' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मधुमेह से बचाव, नियमित जांच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना था। रैली में प्रतिभागियों ने रन फॉर डायबिटीज के नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मधुमेह नियंत्रण एवं रोकथाम के संदेश वाले पोस्टर और बैनर लेकर फतहसागर के राजीव गाधी पार्क से देवाली छोर तक पैदल मार्च किया।

इस अवसर पर पीएमसीएच के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.गिरीष वर्मा,डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ.जगदीश विश्नोई एवं डॉ.वीरेंद्र चौधरी, पीडीआरसी से डॉ.सौरभ गोयल और डॉ. नेहा चड्ढा,तिरुपति नर्सिंग कॉलेज से डॉ. सुनील जोशी और संजय नागदा,पेसिफिक यूनिवर्सिटी,देबारी से डॉ. हेमंत पंड्या,गगन यादव एवं डॉ. नीलम व्यास,दर्शन डेंटल कॉलेज से डॉ. विकास पुनिया एवं डॉ. पुलकित चौधरी उपस्थित रहे।इस आयोजन में पेसिफिक ठ्ठुप ऑफ कॉलेजे के विभिन्न संस्थानों से जुडे 500 से अधिक छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्लोगन बैनर्स, स्वास्थ्य संदेशों और रंग-बिरंगे पोस्टर्स के माध्यम से जनता को मधुमेह के प्रति जागरूक किया। पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मेडिसिन विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए ऐसे कार्यक्रमों की अत्यंत आवश्यकता है।

कार्यक्रम समन्वयक एवं पीएमसीएच मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.जगदीश विश्नोई ने बताया कि यह आयोजन का उद्धेष समाज में मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को समय पर जांच करवाने, नियमित व्यायाम करने तथा खानपान पर नियंत्रण रखने का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे शरीर को प्रभावित करती है। कई बार लोग इसके लक्षणों को पहचान नहीं पाते और समय पर जांच न कराने के कारण जटिलताएँ बढ़ जाती हैं।

## डमी खातेदार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर**,(कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने डमी आरोपी व साथियों के खिलाफ पीडित की जमीन अन्य को रजिस्ट्री कराने का प्रकरण दर्ज किया। पीडित भूरीलाल निवासी गंदोली मावली ने भूरीलाल उर्फ भूरालाल भील निवासी वाजमिया गादोली मावली, शंकरलाल भील व सुमेरसिंह, दुर्गाशंकर भील के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरे स्वामित्व की राजस्व ग्राम कमलोद गिर्वा में है। जिसे 26 जुलाई 2012 को खरीदी थी। जिसका नामान्तरण कराने उदयपुर विकास प्राधिकरण पहुंचा तो उक्त जमीन शंकरलाल निवासी पीपलिया फला उपरेटा के नाम दर्ज होनी पाया गया। पडताल की तो 14 मई 25 को मेरे नाम भूरीलाल उर्फ भुरालाल मय ने दो गवाह सुमेरसिंह निवासी गोटिया वल्लभनगर तथा दुर्गा शंकर भील निवासी रेबारियों का गुड़ा ढिकली द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराना पाया गया।

## तेजाजी का खेल आज से

**राजसमन्द,** (निसं)। ग्राम भाटोली में तीन दिवसीय तेजाजी का खेल आज सोमवार से प्रारम्भ होगा जो बुधवार तक चलेगा। खेल माँ जोगणिया म्यूजिकल ग्रुप के ऑनर शंकर नन्दवई के सानिध्य में प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा। खेल कोबलेकर गांव के मुख्य चौराहा चारभुजा मन्दिर के पास भदेसर भेरूजी की डोली में तैयारियां जोरों शोरो से चल रही है।

# पावर बैंक बैटरी फटने से बच्चा गंभीर घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। ओबरी थाना क्षेत्र में पावर बैंक बैटरी फटने से एक बच्चा गंभीर घायल हो गया। बच्चे के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए और उसकी तीन उंगलियां कट गईं। बच्चे को गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ओबरी सुरना गांव निवासी संजय पुत्र दिनेश डामोर को सड़क किनारे पावर बैंक की बैटरी पडी मिली थी। संजय उस बैटरी से खेलने लगा। इसी दौरान बैटरी अचानक फट गई। बैटरी फटने से संजय के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए और उसकी तीन उंगलियां कट गईं। मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना बच्चे के परिजनों को दी।घायल संजय को तुरंत सागवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डूंगरपुर में डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए उदयपुर रेफर कर दिया।

# 'कांग्रेस को घुसपैठियों की भाजपा को लोकतंत्र की चिंता'

- एसआईआर और बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम को लेकर भाजपा देहात की कार्यशाला सम्पन्न

**उदयपुर,** (कासं)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर डूंगरपुर में 15 नवंबर को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण अभियान को लेकर भाजपा उदयपुर देहात की कार्यशाला रविवार को भाजपा के बलिचा स्थित कार्यालय में उदयपुर लोक सभा सांसद डा मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।

कार्यशाला में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर डूंगरपुर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर विधानसभा वार एवं मंडल वार पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां एवं लक्ष्य आवंटित किए गए।इस अवसर पर बोलते हुए सांसद डा मन्नालाल रावत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजाति समुदाय के साथ ही भारत के जन जन के गौरव हैं। कांग्रेस ने जनजाति नायकों के इतिहास को नेपथ्य में डालने का काम किया और जनजाति वर्ग को वोट बैंक समझ शोषण ही किया। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के कल्याण को लेकर भाजपा की सरकारें चाहे वो केंद्र की हो या राज्य की सदा चिंतित रही है।

जनजाति मंत्रालय,जनजाति आयोग,अनुसूचित क्षेत्रों का दायरा बढाने से लेकर,पांचवीं अनुसूची को लागू करने एजनजाति वर्ग को नौकरियों से लेकर शैक्षणिक क्षेत्र में आरक्षण हर पहलू को भाजपा ने धरातल पर लागू किया।सांसद रावत ने कहा कि एसआईआर अभियान कोई पहली बार नहीं हो रहा है आजादी के बाद नौवीं बार मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण अभियान हो रहा है। लेकिन कांग्रेस इसको लेकर भ्रम फैला रही हे क्योंकि कांग्रेस को घुसपैठिया वोट बैंक की चिंता है और भाजपा को लोकतंत्र की मजबूती की चिंता है।

सांसद रावत ने कहा कि बूथ लेवल एजेंट और पार्टी के बूथ और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर इस अभियान के तहत हर मतदाता तक पहुंचना है और पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुडवाना है। कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष भवर सिंह पंवार, जिला महामंत्री ललित सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के जिला संयोजक दीपक शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख शांतिलाल मेघवाल ने भी संबोधित किया।

# अखंड ज्योत व शिलान्यास के साथ मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर के ब्रह्म स्थली कॉलोनी स्थित श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर परिसर में सिद्धि विनायक मंदिर समिति, कॉलोनी निवासियों के माध्यम से श्री खाटू श्याम भक्तों के द्वारा संकल्पित श्री खाटू श्याम मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष और मुख्य यजमान पूनमचंद लबाना की अध्यक्षता में अखंड ज्योत प्रज्वलित कर शिला पूजन के यजमानों के साथ वैदिक विधि विधान से नींव में कलश ओर शिला स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ।

मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि श्री खाटू श्याम मंदिर भव्य स्तर पर निर्मित किया जाएगा। निर्माण के बाद प्रत्येक एकादशी ओर विभिन्न त्यौहारों पर नियमित भजन कीर्तन सत्संग किए जाएंगे। ये मंदिर जन आस्था का केंद्र बनेगा। मंदिर समिति द्वारा सर्व समाज ओर पूरे शहर के सनातनी श्याम भक्तों से निवेदन किया गया कि इस मंदिर निर्माण में अधिक से अधिक संख्या में जुडे ओर इस पुनीत कार्य में अपनी श्रद्धा अनुसार तन मन धन से सहयोग करे। इसके साथ ही श्री खाटू श्याम की आरती के साथ प्रसाद वितरण कर शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी निवासियों सहित उप सभापति सुदर्शन जैन, समाज सेवी रमेश वरयानी , छोटा लाल जी शर्मा, सतीश शाह ,प्यारे लाल चौबीस, डा हेमंत शर्मा, ओम व्यास, प्रवीण श्रीमाल, सुमित्रा चौबीस, निकिता कंसारा, नीलम जैन, विनोद पंचाल, जीवन धर जैन, संजय शर्मा, निकुंज गांधी नरेंद्र आर्य,विशाल शर्मा, दिनेश उपाध्याय, राजकुमारी प्रजापत, विजय लक्ष्मी श्रीमाल , नारायण राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे। मंदिर समिति द्वारा गीतेश पंड्या को सिद्धि विनायक मंदिर के पुजारी के तौर पर अनुबंधित किया गया। जो सुबह शाम दोनों समय मंदिर में विधिवत पूजा कार्य करेंगे। इसी क्रम में सिद्धि विनायक मंदिर समिति के अध्यक्ष पूनमचंद लबाना ने मंदिर समिति की स्थाई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 11 सदस्यों की एवं सेवा कार्य में सहयोग हेतु 101 आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति का अनुमोदन किया।

क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किए गए धरतीपुत्र वीर धनुर्धर कप कार्यक्रम में बतौर अतिथि सागवाडा विधायक शंकरलाल डेचा, समाजसेवी महेंद्रजीत सिंह मालवीय, नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, समाजसेवी बंशीलाल कटारा, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, पवन जैन, सुदर्शन जैन, प्रकाश मनात मंचासीन रहें। इस अवसर पर अतिथियों ने जनजातियों में तीरंदाजी की महत्ता एवं तीरंदाजी खेल के बारें में बताते हुए वागड क्षेत्र के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक तीरंदाजी में सफलता के झंडे गाड़ने तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम आयोजक महेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जिले पर से आए 135 तीरंदाज भाग ले रहे हैं। इसमें प्रथम विजेता को 10 हजार रुपए, द्वितीय को 5 हजार और तृतीय विजेता को 3 हजार रुपए का नगद पुरुस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर बालिकाओं के समूह द्वाराप्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम पारंपरिक नृत्य ने मनमोहन लिया।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं का किया सम्मान

**बांसवाड़ा**, (निसं)। हाड़खरा पटेल समाज खेलकूद एवं शिक्षा समिति के तत्वावधान में समाज का वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह समाज के छात्रावास परिसर ठिकरिया में कालूसिंह खेर की अध्यक्षता, प्रधानाचार्य डाइट गढ़ी देवेंद्र पाटीदार के मुख्य आतिथ्य एवं गौतम परमार, नाहर सिंह, लालसिंह सोलंकी, भगवती सिंह, वालेंग भाई, केरेंग सोलंकी एवं अनार सिंह आदि गणमान्य समाजजनों के विषिश्ट आतिथ्य में हुआ। समारोह में समाज के 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाली 100 से अधिक प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चि प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले समाजजनों का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम शिक्षा, एकता और संस्कारों को समान रूप से महत्व दें। प्रतिभाओं का सम्मान केवल उनका उत्साहवर्धन नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का माध्यम भी है। युवा वर्ग को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और समाज व राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान करियर सेमिनार में समाज के ही युवा वक्ताओं ईश्वर पटेल, कल्याण सोलंकी, जगदीश पटेल, रोहित सोलंकी एवं पवन सोलंकी ने विद्यार्थियों को करियर योजना, परीक्षा की तैयारी, आत्मविश्वास और समय प्रबंधन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता का मूलमंत्र सतत प्रयास और सकारात्मक सोच है। समिति अध्यक्ष रणछोड़ गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता, आपसी एकता और सहयोग की भावना को और बल मिलता है। उन्होंने समाज के युवाओं से आगे आकर शिक्षा, सेवा और संगठन के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। संचालन फतेहसिंह व अनिल पटेल ने किया जबकि आभार मानेंग डांगी ने माना। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, विद्यार्थी, अभिभावक सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र पटेल, रुपजी चौहान, कल्याण चौहान, रमेश मसाणी, अर्जुन मसाणी, महेंद्र पटेल, हीरालाल पटेल, प्रेमजी पटेल, कालू भाई आदि मौजूद रहे।

### वॉश व भट्टियां नष्ट

**उदयपुर,** (कासं)। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर में आबकारी थाना चाकसू क्षेत्र के ग्राम बस्सी, रिको एरिया, बाजुपुरा, त्रिलोकपुरा, लसाड़िया, फलियावास, सांक सिंडोली क्षेत्र में अवैध शराब के भण्डारण पर दबिष देकर 3 हजार लीटर वॉश, 2 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई साथ ही 552 देशी शराब के पव्वे, रम के 48 पव्वे एवं 12 बोतल बीयर जब्त की गई। आबकारी दल ने 2 अभियोग दर्ज किए। बीकानेर के श्रीकरणपुर क्षेत्र में 7 लीटर हथकड़ी शराब जब्त करने के साथ 60 लीटर उत्तेजित वॉश नष्ट करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। चुरू जिले के आबकारी थाना राजगढ की कार्रवाई में 4 लीटर हथकड़ी शराब, एक बोतल माल्टा जब्त करते हुए एक चालू भट्टी को नष्ट किया। लाडनुं में नाकाबंदी के दौरान एक होंडा स्कूटी वाहन की जांच पर 80 पव्वे देशी शराब के बरामद किए। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

### धमकाने का मामला दर्ज

**उदयपुर**,(कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडत को धमकाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सीमरसिंह निवासी सिमर ट्यूर ट्रावेल्स मेवाड़ा मोटर गली उदियापोल ने चिमनसिंह पुत्र मोतीसिंह निवासी मेहता सदन हिरणमगरी सेक्टर 11 सुरों का फला कानपुर राजियावास अजमेर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी मेरे से पास वाहन चलाता हैं। 25 सितंबर को कार किराए पर लेकर गया वापस लौटने के बाद कार छोड़ गया। किसी प्रकार का हिसाब नहीं दिया। मांगने पर धमकाना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### उदयपुर में हुई मिनी मैराथन

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर के महाकालेश्वर मंदिर से फतहसागर पाल तक मिनी मैराथन का आयोजन रविववार सुबह 6.30 बजे हुआ। सीबीएसई मिनी मैराथन में 23 स्कूलों के करीब एक हजार छात्र-छात्राओं ने दौड़ लगाई। अर्जुन अवार्ड से सम्मानित दुतीचन्द ने युवा खिलाड़ियों को फिटनेस एवं स्पोर्ट्समैनशिप के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ खेलों के प्रति भी जागरूकता और निरन्तरता होनी चाहिये। दुनिया में कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है, बस इच्छा शक्ति होनी चाहिये। फादर ए. जॉन बोस्को ने बताया कि शहर के संत पॉल स्कूल के तत्वावधान में आयोजित इस मिनी मैराथन में भाग लेने के लिए प्रातः प्रतिभागी महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा दस मिनिट का योगा भी करवाया गया। मिनी मैराथन की शुरूआत फादर ए. जॉन बोस्को, फादर स्टीफन रावत, मुख्य अतिथि भारत की विख्यात धाविका एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता एवं भारत सरकार द्वारा अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुश्री दुतीचन्द, सी.बी.एस.ई. अजमेर रीजन के उप सचिव एवं प्रमुख उत्कृष्टता केन्द्र संजीव श्रीवास्तव एवं डॉ. आनन्द गुप्ता, आइरन मेन ऋशभ जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक बर्नार्ड भूरिया ने किया तथा अंजू चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### देशभक्ति कार्यक्रमों ने बांधा समां

**डूंगरपुर,** (निसं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम/150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ की मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद ऑडिटोरियम हॉल डूंगरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी रणछोड़ डामोर, एसीबीईओ डूंगरपुर विमल साद ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में एसडी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने वंदे मातरम एकता गीत, राप्रावि भीलवटा सुरपुर की छात्राओं ने देश भक्ति नाम नहीं एक जश्न है भारत, विद्यानिकेतन नई बस्ती की छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, केजीबीवी भचडिया, इमानुएल माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, आदर्श विद्या मंदिर मा. विद्यालय डूंगरपुर ने तेरे मिट्टी में मिल जावा सामूहिक नृत्य, मन की उड़ान संस्थान द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

### 81 यूनिट रक्तदान

**उदयपुर,** (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद की बजरंग दल, उदयपुर महानगर द्वारा रविवार को हुतात्मा दिवस पर अपने बलिदानी कार सेवकों को नमन करते हुए रक्तदान शिविर आयोजित कर 81 यूनिट रक्तदान किया गया।यह शिविर प्रातः 10 बजे से सामुदायिक भवनए गंगू कुंड, आयड में प्रारंभ हुआ। शिविर में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बलिदानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

**कार्यालय नगरपरिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक:- नपनि/हस्ता./155286/2025-26/4668-70 दिनांक: 29.10.2025

**-: आपत्ति सुचना :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा पट्टा विलेख/पत्रावली सं. 56/2008-09 दिनांक 16.09.2009 का पट्टा भूखण्ड आवासीय योजना अम्बानगर साईज (22'+35'x50'=1425 sqf) का पट्टा श्री शकील गौरी पिता अब्दूल गौरी निवासी निम्बाहेड़ा के नाम जारी किया गया। मूल आवंटी/पट्टाधारी द्वारा जरीये विक्रय विलेख से उक्त भूखण्ड को श्रीमती पार्वती देवी पत्नि श्री शंकरलाल जी राजोरा निवासी निम्बाहेड़ा का विक्रय किया गया। क्रेता श्रीमती पार्वती देवी पत्नि श्री शंकरलाल जी राजोरा एवं उनके पति श्री शंकरलाल राजोरा का आकस्मिक निधन दिनांक 03/09/2016 को हो जाने से उनके वारिसान पुत्र 1. श्री जगदीश राजोरा पिता स्व. श्री शंकरलाल राजोरा 2. श्री प्रहलाद राजोरा पिता स्व. श्री शंकरलाल राजोरा द्वारा उक्त भूखण्ड को जरीये विक्रय विलेख से श्रीमति गायत्री कुमावत पत्नि श्री अनिल कुमावत निवासी कासोद दरवाजा निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया। क्रेता श्रीमति गायत्री कुमावत पत्नि श्री अनिल कुमावत निवासी कासोद दरवाजा निम्बाहेड़ा द्वारा भूखण्ड के चैन दस्तावेज प्रस्तुत कर हस्तान्तरण अपने नाम से किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में किसी आस-पड़ोस/परिवार जन या किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो मय सबुत के अन्दर मियाद आपत्ति प्रकाशन से 07 दिवस में नगर परिषद निम्बाहेड़ा में, कार्यालय दिवस में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद समयावधि कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, और आवेदक श्रीमती गायत्री कुमावत पत्नि श्री अनिल कुमावत निवासी कासोद दरवाजा निम्बाहेड़ा के नाम से हस्तान्तरण कि कार्यवाही प्रस्तावित कि जाकर आवेदक के पक्ष में हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचित हो।

**आयुक्त**, नगर परिषद निम्बाहेड़ा